# भ्रमण आख्या – वाराणसी मण्डल

**(भ्रमण तिथि – 04, 05, 06 एवं 07 मार्च, 2024)**

कार्यालय के पत्र संख्या–SPMU/NHM/M&E/2023-24/04/8460-2 दिनांक 02.02.2024 एवं SPMU/NHM/M&E/2023-24/04/9132-2 दिनांक 19.02.2024 के अनुपालन में निम्न सदस्यों दिनांक 04.03.2024 को अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वाराणसी मण्डल वाराणसी की अध्यक्षता में मण्डल के समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (आर.सी. एच.), जिला कार्यक्रम प्रबन्धकों, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धकों, जिला लेखा प्रबन्धकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में वित्तीय प्रगति की एफ.एम.आर. कोड वार तथा कार्यक्रम वार समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मण्डलीय लेखा प्रबन्धक, रीजनल मैनेजर (कम्युनिटी प्रोसेस) तथा अन्य सम्बन्धित मण्डल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक के उपरान्त जनपद स्तर पर जनपदीय टीम एवं ब्लॉक स्तरीय टीम के साथ वित्तीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में शून्य व्यय करने के कारणों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की गयी। जनपद वाराणसी में बी0एच0यू0 मेंडिकल कालेज द्वारा आगणित बजट की विभिन्न मदों में कोई भी व्यय नही किया गया है जिसके सम्बन्ध में वित्त अधिकारी बी0एच0यू0 मेंडिकल कालेज के साथ बैठक कर शीध्र नियमानुसार व्यय करवाने हेतु निर्देश दिये गये । जनपद चंदौली में नगरीय स्वास्थ्य इकाईयो के व्ययों को बढ़ाने के लिए विशेष समीक्षा किये जाने हेतु निर्देश जिला प्रबन्धन इकाई को दिये गये। जनपद गाजीपुर में समीक्षा बैठक दौरान यह जानकारी हुयी कि ब्लाक स्तर इकाईयों को बजट तथा लिमिट के सम्बन्ध में उचित जानकारी नही है जिसके लिए लेखा प्रबन्धक गाजीपुर को ब्लाक स्तर इकाईयों के साथ समन्वय बनाते हुए बजट अनुसार व्यय कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद जौनपुर में की गयी वित्तीय समीक्षा बैठक में कमिटेड बजट की समीक्षा करतें हुए प्रायः यह पाया गया कि अनेक मदों में आवश्यकता से अधिक धनराशि कमिट करायी गयी है जिसके सम्बन्ध में आवश्यकता से अधिक कमिट न कराने हेतु निर्देश सभी जिला स्तरीय प्रोग्राम नोडल अधिकारी को दिये गये।

समीक्षा बैठक में जनपदीय/ब्लॉक टीम को निर्देशित किया गया कि लाभार्थियो, आशा, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर एवं मानव संसाधन की देयता (मानदेय, टीए/डीए, पीबीआई, टीबीआई इत्यादि) को दिशा–निर्देशो के अनुरूप प्रतिमाह नियमानुसार व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाये। टी0वी0 कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु दिशानिर्देश एवं नियमानुसार व्यय किये जाने के निर्देश दिए गये। व्यय की गयी धनराशि को नियमित रूप से दैनिक आधार पर सम्बन्धित पोर्टल पर अद्युनान्त किया जाये। जनपद/ब्लॉक स्तरीय टीमों को यह भी निर्देशित किया गया कि आपसी सामंजस्य/समन्वय स्थापित करते हुये कार्य करना सुनिश्चित करें जिससे शत् प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।

राज्य स्तरीय टीम के भ्रमण के पूर्व तथा भ्रमण के पश्चात वाराणसी मण्डल की वित्तीय प्रगति का जनपदवार विवरण निम्नवत हैः–

| | | (A) | (B) | (C) | (D) | (E)=(B)+(D) | (F) | (G)=(F)-(E) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sr.no** | **Districts Name** | **Committed Budget** | **Expenditure Against Committed** | **Approved DHAP** | **Expenditure Against ROP 23-24** | **Total Expenditure on 29.02.2024** | **Total Expenditure on 11.03.2024** | **Net Increase in Expenditure** |
| 1 | Varanasi | 1,723.21 | 632.84 | 18,034.24 | 8,044.68 | 8,677.52 | 9,359.18 | 681.66 |
| 2 | Jaunpur | 2,064.82 | 1,551.70 | 14,876.57 | 7,664.58 | 9,216.28 | 10,089.59 | 873.31 |
| 3 | Chandauli | 1,947.11 | 915.70 | 8,449.45 | 4,384.68 | 5,300.38 | 5,802.22 | 501.84 |
| 4 | Ghazipur | 2,066.59 | 1,157.95 | 11,794.96 | 6,214.00 | 7,371.95 | 8,142.01 | 770.06 |
| | **Total** | **7,801.73** | **4,258.19** | **53,155.22** | **26,307.94** | **30,566.13** | **33,392.99** | **2,826.86** |

11/3/24
Mridul Raj Joshi
Technical Support
SPMU (NHM)

11/03/2024
(अरूणेश तिवारी)
परामर्शदाता, ई0एम0टी0एस0
एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0

11/3/24
डॉ0 सूर्यांशु ओझा
महाप्रबंधक (बाल स्वास्थ्य)
एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0